**Monthly Summary of Ministry of Petroleum and Natural Gas for the month of November, 2021**

1. Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs had a meeting with *Ambassador Mr. André Aranha Corrêa do Lago, Brazilian Ambassador to India on 12th November 2021* and held wide ranging discussions on energy transition, biofuels in which Brazil has set an international benchmark & several other areas of mutual interest between the two countries.

2. Abu Dhabi International Petroleum Exhibition and Conference (ADIPEC)
An official and business delegation was led by Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs to UAE from 15th-17th November, 2021, to participate in the ADIPEC.

A. Bilateral Meetings with foreign dignitaries on oil and gas sector for long term collaboration:

- HE Mohammed Abdullatif al Fares Hon'ble Minister of Oil and Minister of Higher Education of Kuwait on 15th November 2021
- H.E. Mr. Pavel Sorokin, Deputy Minister of Energy of the Russian Federation on 15th November 2021
- H.E. Dr. Sultan Ahmed Al Jaber, Minister of Industry & Advanced Technology on 15th November 2021.
- H.E. Bento Costa Lima de Albuquerque, Minister of Mines & Energy, Brazil on 16th November 2021.
- H.E. Suhail Mohamed Faraj Al Mazrouei, Minister of Energy and Infrastructure, UAE on 16th November 2021

B. Bilateral Meetings with leaders/CEOs of organization belonging to oil and gas sector:

- Mr. Fatih Birol, ED, IEA on 15th November, 2021
- Ms. Alexa Burr, Vice President, American Petroleum Institute on 15th November, 2021.
- Mr. Nicolas Terraz, President Exploration & Production, Total Energies on 15th November 2021.
- Secretary General of OPEC HE Mohammad Sanusi Barkindo on 15th November 2021
- Mr. Tengku Muhammad Taufik, President & Group CEO Petronas on 16th November 2021
- Mr. Olivier Le Peuch, CEO Schlumberger on 16th November 2021
- Secretary General Joseph McMonigle, IEF on 16th November 2021.

C. Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs during his visit to Abu Dhabi, Inaugurated the India Pavilion at ADIPEC- 2021 in Abu Dhabi on 15th November 2021.

D. Hon'ble Minister, P&NG joined the Closed-door Ministerial Roundtable "Charting the Climate Action Path from COP26 to COP27" on 15th November 2021 and had a briefing meeting & Press interaction at EIL's Abu Dhabi Office.

E. Hon’ble Minister, P&NG participated in a Roadshow organized by the Directorate General of Hydrocarbons on 16th November 2021 to show case the emerging opportunities in the increasingly attractive E&P sector in India.

3. Dubai World Expo

- Hon’ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs during his visit to World Expo 2020, Dubai, Inaugurated the Petroleum & Natural Gas Week at India Pavilion on 17th November 2021.
- On 17th November 2021, delivered his keynote address at Investor Roundtable “Showcasing Opportunities in Oil & Gas Sector”
- On 17th November 2021. Inaugurated a Plant of Stanley Lubricants UAE & also inaugurated a plant belonging to Trinity Grease & Lubes Pvt. Ltd

4. Hon’ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs had a *Telcall with Igor Sechin, Rosneft on 23rd November 2021.* Both had a discussion on the bilateral engagements in oil and gas sector between the two countries and also discussed the term contract for crude oil imports from Russia and Existing Investments in Vankorneft and Taas-Yuryakh.

5. Hon’ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs had a meeting with *Ambassador Mr. Abdulrahman Mohamed Ahmed Al Gaoud, Ambassador of Bahrain to India on 25th November 2021.* Had discussions on the global energy scenario, urbanisation & other issues of mutual interest between the two countries.

6. The *1st India-Australia Joint Working Group (JWG)* meeting on oil and gas was organised on *11th November 2021.* The Indian side was chaired by Director (International Cooperation) and the Australian side was chaired by Mr. Paul Trotman, Head of Resources Division, DISER. There was a discussion on the bilateral engagements in oil and gas sector and the way forward.

7. The first sub-committee of the Parliamentary Committee on Official Language inspected BPCL Office at Delhi on 28.10.2021, HPCL at Ahmedabad on 29.10.2021, GAIL's Ahmedabad Office on 30.10.2021.

8. Domestic crude oil production during November 2021 was 2434 TMT, showing 93.2% achievement over the target (2611 TMT) for the month and 97.9% achievement over the production (2487 TMT) of corresponding month of last year. Natural gas production during November, 2021 was 2868 MMSCM, showing 87.2% achievement over the target (3291 MMSCM) for the month and 123.0% achievement over the production (2331 MMSCM) of corresponding month of last year.

9. During November, 2021, the price of the Indian Basket of Crude oil varied between $ 71.65 and $ 84.04 per barrel and the average price was $ 80.64 per barrel as compared to average price of $ 82.11 per barrel in October, 2021.

10. As per the Refinery Gate Price (RGP), OMCs are expected to incur NIL under recovery on sale of PDS Kerosene and subsidy (DBTL) amount of Rs. 89.34 crores on sale of domestic LPG during the month of November, 2021. The expected under recoveries/subsidy for the F.Y. 2021-22 in respect of PDS Kerosene and Domestic LPG (Under DBTL) is NIL and Rs.1072 crores respectively. There is no subsidy to the consumers on subsidized domestic LPG (at Delhi market) as on 1st November, 2021. There is NIL under recovery on PDS Kerosene effective from 1st November, 2021.

11. During the period from April to October, 2021, OMCs have procured 548 KL of Biodiesel for blending with Diesel. OMCs are regularly floating Expression of Interest (EoI) for procurement of Biodiesel produced from Used Cooking Oil (UCO). OMCs have received offers for setting up of 55 Biodiesel Plants with a proposed production capacity of approx. 40 crore litres/annum.

12. For Ethanol supply Year (ESY) 2020-21, the Oil Marketing Companies (OMCs) floated a tender for 458 litre against which LOI's for 370.64 crore litre have been issued as on 14.11.2021. Suppliers have since supplied 278.41 crore litre till 14.11.2021 enabling 7.52% average blending percentage.

13. Steering Committee of CHT for PM JIVAN Yojana has approved financial assistance to 4 Commercial Projects at Panipat (IOCL), Bargarh (BPCL), Bhatinda (HPCL) and Numaligarh (NRL) and one demonstration project of IOCL at Panipat under the scheme

14. Nearly 25.1 lakh new LPG connections were issued in the month of November, 2021 on Industry basis. Nearly 22 lakh new customers have joined PAHAL scheme in the month of November, 2021 across the country. As on 1st December, 2021, 28.01 crore LPG consumers are availing subsidy under PAHAL scheme. Till date, more than 1.08 crore customers have given up their LPG subsidy under 'GiveItup' campaign.

15. The number of LoIs issued and distributorships commissioned in the month of November, 2021 on Industry basis are 8 and 14, respectively.

16. Ujjwala 2.0 has been launched in the esteemed presence of the Hon'ble Prime Minister in the Mahoba District of Uttar Pradesh on 10th August, 2021 on pan India basis to provide additional one LPG connections along with free first refill and stove. As on 01.12.2021, a total of 80.5 lakh connections have been released under this scheme. This Ministry is monitoring the implementation of the scheme on a daily basis.

17. As on 30.11.2021 total 26782 Retail Outlets have been solarised

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का नवंबर, 2021 माह का मासिक सारांश**

1. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने 12 नवंबर, 2021 को भारत में ब्राजील के राजदूत श्री आंद्रे आरंहा कोरा डो लैगो के साथ बैठक की तथा ऊर्जा अंतरण और जैव ईंधन, जिसमें ब्राजील ने एक अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क स्थापित किया है, और दोनों देशों के पारस्परिक हित के कई अन्य क्षेत्रों पर व्यापक विचार विमर्श किया।

2. अबू धाबी अंतरराष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन (एडीआईपीईसी) 15-17 नवंबर, 2021 तक एडीआईपीईसी में प्रतिभाग करने के लिए माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने एक आधिकारिक और व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया गया।

क. तेल और गैस क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग के लिए विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें:

- 15 नवंबर, 2021 को कुवैत के माननीय तेल मंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री महामहिम मोहम्मद अब्दुल्लातिफ अल फारेस।
- 15 नवंबर 2021 को रूस फेडरेशन के ऊर्जा उप मंत्री महामहिम श्री पावेल सोरोकिन।
- 15 नवंबर 2021 को उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री महामहिम डॉ सुल्तान अहमद अल जाबेर।
- 16 नवंबर 2021 को ब्राजील के खान और ऊर्जा मंत्री महामहिम बेंटो कोस्टा लीमा डी अल्बुकर्क।
- 16 नवंबर 2021 को संयुक्त अरब अमीरात के ऊर्जा और अवसंरचना मंत्री महामहिम सुहैल मोहम्मद फराज अल मजरूई,

ख. तेल और गैस क्षेत्र से संबंधित संगठनों के नेताओं/मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ द्विपक्षीय बैठकें:

- 15 नवंबर, 2021 को श्री फतह बिरोल, ईडी, आईईए।
- 15 नवंबर, 2021 को सुश्री एलेक्सा बूर, उपाध्यक्ष, अमेरिकी पेट्रोलियम संस्थान।
- 15 नवंबर 2021 को श्री निकोलस टेराज़, अध्यक्ष अन्वेषण और उत्पादन, टोटल ऊर्जा।
- 15 नवंबर 2021 को महामहिम मोहम्मद सानुसी बरकिंडो, महासचिव, ओपेक।
- 16 नवंबर 2021 को श्री टेंगकू मुहम्मद तौफिक, अध्यक्ष और ग्रुप सीईओ, पेट्रोनास।

- 16 नवंबर 2021 को श्री ओलिवियर ले पियुच, सीईओ शकम्बरगर।
- 16 नवंबर 2021 को जोसेफ मैकमोनिगल, महासचिव, आईईएफ।

ग. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने अबू धाबी की अपनी यात्रा के दौरान 15 नवंबर 2021 को अबू धाबी में एडीआईपीईसी-2021 में भारत मंडप का उदघाटन किया।

घ. 15 नवंबर 2021 को "चार्टिंग द क्लाइमेट एक्शन पाथ फ्रॉम कोप26 से कोप27" विषय पर क्लोज-डोर मिनिस्ट्रियल राउंडटेबल में माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, ने शिरकत की और ईआईएल के अबू धाबी कार्यालय में एक ब्रीफिंग मीटिंग और प्रेस इंटरेक्शन किया।

ङ. 16 नवंबर 2021 को भारत में ईएंडपी क्षेत्र में तेजी से उभरते आकर्षक अवसरों का प्रदर्शन करने के लिए माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय द्वारा आयोजित एक रोड शो में भाग लिया।

3. दुबई वर्ल्ड एक्सपो

- 17 नवंबर 2021 को माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने वर्ल्ड एक्सपो 2020, दुबई की अपनी यात्रा के दौरान इंडिया पवेलियन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सप्ताह का उदघाटन किया।
- 17 नवंबर 2021 को निवेशक गोलमेज सम्मेलन "तेल और गैस क्षेत्र में अवसरों का प्रदर्शन" में अपना मुख्य भाषण दिया।
- 17 नवंबर 2021 को स्टेनली लुब्रिकेंट्स यूएई के एक संयंत्र और ट्रिनिटी ग्रीस एंड ल्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित एक संयंत्र का उदघाटन किया।

4. 23 नवंबर 2021 को माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने इगोर सेचिन, रोसनेफ्ट के साथ एक टेलीवार्ता की। दोनों गणमान्यों ने दोनों देशों के बीच तेल और गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करने से साथ-साथ । रूस से कच्चे तेल के आयात के लिए सावधि अनुबंध और वैंकॉर्नेफ्ट और तास-युरीख में मौजूदा निवेश के संबंध में भी चर्चा की।

5. 25 नवंबर 2021 को माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने भारत में बहरीन के राजदूत श्री अब्दुलरहमान मोहम्मद अहमद अल गोद

के साथ बैठक की। उन्होने वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य, शहरीकरण और दोनों देशों के बीच पारस्परिक हित के अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

6. 11 नवंबर 2021 को तेल और गैस पर पहली भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठक आयोजित की गई। भारतीय पक्ष की अध्यक्षता निदेशक (अंतरराष्ट्रीय सहयोग) ने की और ऑस्ट्रेलियाई पक्ष की अध्यक्षता श्री पॉल ट्रॉटमैन, संसाधन प्रभाग, डीआईएसईआर के प्रमुख ने की। तेल और गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों और तत्संबंधी भावी कदमों पर चर्चा की गई।

7. संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप-समिति ने 28.10.2021 को दिल्ली में बीपीसीएल कार्यालय, 29.10.2021 को अहमदाबाद में एचपीसीएल कार्यालय, 30.10.2021 को गेल के अहमदाबाद कार्यालय का निरीक्षण किया।

8. नवंबर 2021 के दौरान घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन 2434 टीएमटी था, जो इस महीने के लक्ष्य (2611 टीएमटी) से 93.2% अधिक और पिछले वर्ष के इसी महीने के उत्पादन (2487 टीएमटी) से 97.9% अधिक है। नवंबर, 2021 के दौरान प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2868 एमएमएससीएम था, जो इस महीने के लक्ष्य (3291 एमएमएससीएम) से 87.2% अधिक और पिछले वर्ष के इसी महीने के उत्पादन (2331 एमएमएससीएम) से 123.0% अधिक है।

9. नवंबर, 2021 के दौरान, कच्चे तेल की भारतीय बास्केट की कीमत $ 71.65 और $ 84.04 प्रति बैरल के बीच रही और अक्टूबर, 2021 में $ 82.11 प्रति बैरल के औसत मूल्य की तुलना में इसका औसत मूल्य $ 80.64 प्रति बैरल था।

10. नवंबर, 2021 के महीने के दौरान रिफाइनरी गेट प्राइस (आरजीपी) के अनुसार, ओएमसीज को पीडीएस मिट्टी तेल की बिक्री पर वसूली शून्य और घरेलू एलपीजी की बिक्री पर राजसहायता (डीबीटीएल) की राशि 89.34 करोड़ रुपये संभावित है। पीडीएस केरोसिन और घरेलू एलपीजी (डीबीटीएल के अंतर्गत) के संबंध में वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अल्प वसूली/राजसहायता क्रमशः शून्य और 1072 करोड़ रुपये संभावित है। 1 नवंबर, 2021 की स्थिति के अनुसार राजसहायता वाले घरेलू एलपीजी (दिल्ली के बाजार में) पर उपभोक्ताओं को कोई राजसहायता देय नहीं है। 1 नवंबर, 2021 से प्रभावी पीडीएस केरोसिन पर शून्य अल्प वसूली है।

11. अप्रैल से अक्टूबर, 2021 की अवधि के दौरान, तेल विपणन कंपनियों ने डीजल के साथ मिश्रण के लिए 548 किलो लीटर बायोडीजल की अधिप्राप्ति की। प्रयुक्त खाद्य तेल (यूसीओ) से उत्पादित बायोडीजल की अधिप्राप्ति के लिए ओएमसीज नियमित रूप से

रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित कर रही हैं। ओएमसीज को लगभग 40 करोड़ लीटर प्रति वर्ष के उत्पादन क्षमता के 55 बायोडीजल संयंत्रों की स्थापना के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ।

12. एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2020-21 के लिए, तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने 458 करोड़ लीटर के लिए एक निविदा जारी की, जिसके सापेक्ष दिनाँक 14.11.2021 तक 370.64 करोड़ लीटर के लिए एलओआईज जारी किए गए हैं। आपूर्तिकर्ताओं ने दिनाँक 14.11.2021 तक 278.41 करोड़ लीटर की आपूर्ति की है, जिससे 7.52% का औसत मिश्रण प्रतिशत प्राप्त हुआ है।

13. पीएम जीवन योजना की सीएचटी संचालन समिति ने योजना के तहत पानीपत (आईओसीएल), बरगढ़ (बीपीसीएल), भटिंडा (एचपीसीएल) और नुमालीगढ़ (एनआरएल) में 4 वाणिज्यिक परियोजनाओं और पानीपत में आईओसीएल की एक प्रदर्शन परियोजना को वित्तीय सहायता प्रदान करने की मंजूरी दी है।

14. नवंबर, 2021 में उद्योग आधार पर लगभग 25.1 लाख नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए। नवंबर, 2021 के महीने में देश भर में लगभग 22 लाख नए ग्राहक पहल योजना से जुड़े हैं। 1 दिसंबर, 2021 की स्थिति के अनुसार पहल योजना के तहत 28.01 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता राजसहायता का लाभ उठा रहे हैं। अब तक, 1.08 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने 'गिव इट-अप' अभियान के तहत अपनी एलपीजी राजसहायता छोड़ दी है।

15. उद्योग के आधार पर नवंबर, 2021 के महीने में जारी किए गए एलओआई और चालू किए गए डिस्ट्रीब्यूटरशिप की संख्या क्रमशः 8 और 14 है।

16. 10 अगस्त, 2021 को निःशुल्क प्रथम रीफिल और स्टोव के साथ एक अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के निमित्त उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में माननीय प्रधान मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में अखिल भारतीय आधार पर उज्ज्वला 2.0 की शुरूआत की गई। इस योजना के तहत दिनाँक 01.12.2021 तक कुल 80.5 लाख कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। यह मंत्रालय दैनिक आधार पर योजना के कार्यान्वयन की निगरानी कर रहा है।

17. दिनाँक 30.11.2021 की स्थिति के अनुसार कुल 26782 खुदरा बिक्री केन्द्रों को सौरीकृत (सोलराइज) किया जा चुका है।

****